	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
	ज्येष्ठ 18, सोमवार, शाके 1942–जून 8, 2020 *Jyaistha 18, Monday, Saka 1942–June 8, 2020*	

भाग-1(ख)

महत्त्वपूर्ण सरकारी आज्ञाएँ

विधि एवं विधिक कार्य विभाग

अधिसूचना

जयपुर, जून 05, 2020

संख्या प.1(3)न्याय/2010 :-दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का अधिनियम संख्या 2) की धारा 9 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त् शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से, पूर्व में जारी समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 04.01.2011 में आंशिक संशोधन करते हुए, राज्य सरकार, राजस्थान उच्च न्यायालय से परामर्श के पश्चात् सम्पूर्ण राजस्थान राज्य के लिये सेशन खण्डों की संख्या 35 के स्थान पर 36 नियत करते हुए जयपुर महानगर के विद्यमान सेशन खण्ड में संशोधन करते हुए जयपुर महानगर-I, जयपुर महानगर-II सेशन खण्ड हेतु निम्नानुसार सेशन न्यायालय स्थापित करती है:-

क्र.सं.	सेशन खण्ड का नाम	सेशन न्यायालय का नाम
1.	जयपुर महानगर-I	सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर-I
2.	जयपुर महानगर-II	सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर-II

राज्यपाल के आदेश से,
विनोद कुमार भारवानी,
प्रमुख शासन सचिव।

3370

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।